Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में पटवारी भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट भरतपुर 15,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 05 मार्च बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी धौलपुर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए श्री दिनेश सैनी पटवारी भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट भरतपुर को 15,000/– **रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी धौलपुर कों एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी के पिताजी एवं माताजी के नाम से कोर्ट भरतपुर में चल रहे वाद दावा दुरूस्ती में मदद कराने व धारा 136 रेवेन्यू एक्ट का दावा एस.डी.एम. कोर्ट भरतपुर में करवाकर उसमें स्टे दिलाने की एवज में 15000 रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा था

जिस पर एसीबी **भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी धौलपुर के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री दिनेश सैनी पटवारी कार्यालय भू–अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट भरतपुर को 15,000/– **रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।